हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री


12 स्वतंत्रता दिवस के अवसर में भूतपूर्व सैनिक का किया ...





12 कोमाखान में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया




## खबर संक्षेप

### खेत में बने मकान से पंपों की चोरी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी में खेत में बने मकान का ताला तोड़कर सामानों की चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खरोरा निवासी ओंकार प्रसाद पिता स्व. घुरऊ राम चंद्राकर का ग्राम चोरभट्टी में खेत है। जिसे सोरिद के सोमेश चंद्राकर को खरीफ फसल के लिये रेग में देखरेख करने दिया गया है। उस खेत में बने पंप हाउस के कमरे से 14-15 अगस्त की दरमियानी रात किसी ने हुक एवं ताले को कटर से काटकर दो कंप्लीट पंप सेट 03 हॉर्स पावर और एक मोटर सबमर्सिबल कुल 3 नग चोरी कर ली है। चोरी हुए सामानों की अनुमानित कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।



### नशीली दवा बेचने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने नशीली सिरप के साथ 23 वर्षीय युवक को दलदली सोरिद रोड़ पर आंगनबाड़ी के पास गिरफ्तार किया है। महासमुंद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी प्रवीण साहू पिता महेश साहू (23 वर्ष) निवासी वार्ड क्र. 11 नयापारा महासमुंद ओडिशा के पदमपुर निवासी सुशांत प्रधान से नशीली दवाईयां सिरप एवं इंजेक्शन लाता था और विक्रय करता था। पुलिस को इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली तो पुलिस दलदली सोरिद रोड में आंगनबाडी के पास पहुंची, जहां प्रवीण अपने हाथ में एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में सिरप भरकर खड़ा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान प्रवीण ने बताया कि वह विगत 01 वर्ष से नशे में प्रयुक्त होने वाली सिरप, दवाईयां एवं इंजेक्शन बेचता है। प्रवीण ने महासमुंद के कई लोगों को नशीली दवाईयां विक्रय की है। वे फोन से प्रवीण साहू को संपर्क कर नशीली दवाईयां नकदी रकम देकर ले जाते थे। प्रवीण साहू ने यह भी बताया कि सुशांत प्रधान रायपुर के कई व्यक्तियों को भी महासमुंद आकर नशीली दवाई विक्रय करता है। प्रवीण के कब्जे से विन सेरेक्स कफ सिरप 13 बोतल प्रत्येक बोतल में 100 एमएल भरा हुआ कीमत 1300 रुपए, बटनदार चाकू और मोबाइल जब्त किया गया। मामले में धारा 25-आर्म्स एक्ट, 21 (सी) व 22 नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### राष्ट्रीय पर्व : जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय आयोजन

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सांसद ने किया ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बिखरी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में 15 अगस्त का दिन

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का किया गया सम्मान

देशभक्ति और उत्साह से भरा रहा। नगर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। देश की आजादी के 78 वर्ष पूरा होने के साथ ही 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय मिनी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी रही। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद के द्वारा ध्वजारोहण करनें एवं परेड की सलामी लेने के बाद हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस





अधीक्षक आशुतोष सिंह मंच पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप के नेतृत्व में 20 वीं वाहिनी छ.ग. सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना महिला प्लाटून, वन विभाग, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एनसीसी, एनएसएस महाविद्यालय एवं विद्यालय, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस की कुल 11 टुकड़ियों ने सलामी दी। मुख्य अतिथि सांसद चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया एवं हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद चौधरी ने





परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। इनमें सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल, द्वितीय स्थान जिला पुलिस बल, तृतीय स्थान पर नगर सेना महिला प्लाटून रहा। इसी तरह परेड गैर सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान पर वन विभाग, द्वितीय सीनियर डिवीजन एनसीसी एवं तृतीय जूनियर डिवीजन एनसीसी रहा। परेड कनिष्ठ में प्रथम स्काउट, द्वितीय गाइड एवं तृतीय स्थान एन.सी.सी आत्मानंद विद्यालय को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप एवं सहायक उप निरीक्षक साइना अंबिलकर को भी सम्मानित किया गया।



### 19 शहीद के परिजनों एवं 116 कर्मचारियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के 79 वें वर्षगांठ पर मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने जिले में निवासरत 19 शहीद के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 116 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### स्कूली छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में 14 विद्यालयों के 840 विद्यार्थियों ने योग विधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगे पोशाकों में सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में 6 शालाओं के लगभग 640 बच्चों ने छत्तीसगढ़ी एवं हिंदीदी के देशभक्ति गीतों की शानदार संगीतमयी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान महर्षि विद्या मंदिर मचेवा, द्वितीय स्थान शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासुंद एवं तृतीय स्थान न्यू होलीफेथ महासमुंद ने प्राप्त किया।

### मुख्य कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मुख्य मंच में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छ.ग. बीज नगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, बास्केट बाल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर सहित पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, वनमण्डलाधिकारी मयंक पांडेय, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू उपस्थित रहें। मुख्य कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम में गणमान्य नागरिक सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन मार्केटिंग में लिप्त शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में शिक्षक को अनुशासन और आचरण नियमों के पालन न करने पर निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। लोक शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ ने सरायपाली विकासखंड के व्याख्याता (एल.बी.) एवं शासन उ.मा.शा. नवागढ़ में पदस्थ रूपनंद पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



जारी आदेश के अनुसार रुपानंद पटेल पर आरोप है कि उन्होंने शासकीय सेवा में रहते हुए निजी कंपनी एस. आर. ऑनलाइन मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादों का प्रचार-प्रसार एवं विक्रय करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में वायरल वीडियो का संचालन किया। इस कृत्य को शासकीय सेवक आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं 16 का उल्लंघन मानते हुए गंभीर कदाचार की श्रेणी में रखा गया है। संचालनालय ने बताया कि 17 जुलाई को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसके जवाब में पटेल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन 22 जुलाई 2025 को प्राप्त हुआ। परंतु उनका जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। शासकीय सेवा में रहते हुए निजी व्यवसाय करना, नियमानुसार अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता की श्रेणी में आता है। आदेशानुसार, शिक्षक रूपनंद पटेल को निलंबित करते हुए उनकी पदस्थापना विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.) कार्यालय से संबद्ध की गई है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

आदेश पर लोक शिक्षा संचालनालय के संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने डिजिटल हस्ताक्षर किए हैं। इस संबंध में आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, कलेक्टर महासमुद, संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा सभाग रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुद को भेजी गई है। साथ ही निलंबन आदेश को तामील कराए जाने एवं आरोप पत्र की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी 7 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह कार्रवाई शासन द्वारा शासकीय सेवकों के बीच अनुशासन और आचरण नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कृष्ण की जन्मस्थली "कारागार" में बंदियों ने मनाई जन्माष्टमी







**महासमुंद।** जिला जेल में कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाया गया। कारागार को भगवान कृष्ण की जन्मस्थली माना जाता है, इस भाव को लेकर शनिवार को जिला जेल में कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना के साथ समस्त बंदियों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मटका फोड़ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, समूह गायन, सांस्कृतिक नृत्य, राउत नाचा, सुदामा नाट्य प्रहसन जैसे कार्यक्रम के माध्यम से अधिकांश बंदियों ने अपनी सहभागिता के माध्यम से समस्त जेल के माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई। फलस्वरूप समस्त कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# आदिवासी समाज की रैली आज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा

- विश्व आदिवासी दिवस के तहत शंकराचार्य भवन में होंगें विविध कार्यक्रम

घोषित विश्व आदिवासी दिवस के तहत समस्त आदिवासी जनजाति समुदाय के सम्मान में मनाये जाने वाले महोत्सव पर आदिवासी समाज के द्वारा विशाल रैली एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन आज होगा। मुख्य कार्यक्रम बागबाहरा मार्ग स्थित शंकराचार्य भवन में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का शुरुआत सुबह 10 बजे से आदिवासी देव स्थापना एवं पूजन के साथ होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से डीजे एवं समाज के युवक युवतियों के पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए भव्य विशाल रैली का आयोजन होगा। जो कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य भवन से निकल, सबसे पहले बीटीआई रोड स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति में माल्यार्पण कर उसी रास्ते से होते हुए आतिशबाजी, डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सर्व आदिवासी समाज द्वारा नृत्य करते हुए शहर के मुख्यमार्ग में आगे बढ़ेगा जो बरौंडा चौक, नेहरू चौक होते हुए तुमगांव चौक में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण के बाद वापस कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य भवन में सभा के रूप में तब्दील होगा। यहां समाज प्रमुखों एवं अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में सभी आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, किसान, बुजुर्ग, माताओं, बच्चों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। इस आयोजन की जानकारी आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज संघ महासमुंद, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ महासमुंद, सर्व आदिवासी समाज महासमुंद, आदिवासी युवा प्रभाग के द्वारा दी गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगें आकर्षण का केंद्र

विश्व आदिवासी दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आदिवासी सिंगर एवं लोक कलाकार कांशी ध्रुव, जय बूढ़ादेव करमा नर्तक दल सिमगा का आदिवासी बघवा फेम एवं समाज के युवक युवतीयों के पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य आकर्षण केंद्र होगा।

### विधायक सिन्हा होंगे मुख्य अतिथि

इस आयोजित कार्यक्रम का अध्यक्षता शिव कुमार सोरी संयोजक विश्व आदिवासी महासमुंद के द्वारा किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद एवं अति विशिष्ट अतिथि निखिलकांत साहू नगरपालिका अध्यक्ष महासमुंद, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, मनराखन ठाकुर जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज महासमुंद एवं कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छ.ग. होंगें।

### पूजा व श्रृंगार के सामानों की जमकर हुई खरीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# शहर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शहर सहित अंचल में शनिवार के दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं, ग्रामीण अंचल में बाल कृष्ण के रुप में सजे बच्चों ने जन्माष्टमी पर्व में अपनी अलग ही छटा बिखेरी है। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में स्थित राधा कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व को लेकर एक दिन पूर्व से तैयारी की जाती रही। ज्योतिष गणना के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म वृष लग्न, वृष राशि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस दिन भगवान श्री कृष्ण के भक्त व्रत रखकर रात्रि में पूजा अर्चना किया गया। बाजार में पूजा एवं श्री कृष्ण भगवान के श्रृंगार के सामानों की खरीदारी करने





दिनभर लोगों की भीड़ रही।

पंडित तथा आचार्यों की मानें तो जन्माष्टमी का पर्व भाद्र पद महीनें के अंतर्गत आने वाले कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्र पद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहणी नक्षत्र में रात्रि को हुआ था। इस दिन भक्त व्रत धारण कर पूरे नियम और संयम के साथ भगवान की पूजा करते है। जन्माष्टमी का पर्व होने के चलते जिले में उत्साह का माहौल बना रहा। जिसे लेकर शहर सहित जिले के विभिन्न मंदिरों में कई प्रकार के आयोजन रखे गए। राम जानकी मंदिर, रामदेव मंदिर, इमलीभाठा सहित जिले के स्कूलों में जन्माष्टमी के पर्व पर विशेष आयोजन रखे गए। यादव समाज के साथ अन्य समाज द्वार इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी की गई थी। दिनभर धार्मिक आयोजन किए गए, जो मध्य रात्रि को श्रीकृष्ण जन्म तक चला। पुराणों के हिसाब से भगवान कृष्ण का 5252वां जन्मोत्सव शनिवार को मनाया गया।

### बाजार में रही भारी भीड़

जन्माष्टमी के पर्व चलते बाजार में भी काफी भीड़ देखने का मिली है। पूजा सामग्री से लेकर भगवान श्री कृष्ण की धातुओं से निर्मित मूर्तियों की अधिक से अधिक खरीदी की गई। कपड़ों, झूलों एवं सजावटी सामानों की जमकर बिक्री हुई। दुकानों में लड्डू गोपाल के कपड़े 20 से 200 रुपए तक, मोर पंख एक नग 10 रुपए, झूला साइज के अनुसार 150 से 300 रुपए तक की बिक्री भी जारी रहीं। इधर, दही हांडी की भी जमकर खरीदारी हुई।

### जन्माष्टमी 2025 में रहा सर्वार्थ सिद्धि योग

ज्योतिषाचार्य के अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को मनाया गया। पर्व के लिए शहर सहित जिले के सभी देवालयों में आकर्षक झूले सजाए गए, जिसमें कृष्ण के बाल रूप को विराजमान कराते हुए मध्यरात्रि झूला झुलाया गया। साथ ही इस अवसर पर मंदिरों में विविध आयोजन भी हुआ। इस मौके पर सर्वार्थ सिद्धि योग, वृद्धि योग, अमृत सिद्धि योग के साथ ज्वालामुखी योग का महासंयोग बना।

# महिला के पति ने ब्यूटी पार्लर संचालिका से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लहरौद में ब्यूटी पार्लर संचालिका के

- बिल की राशि नहीं देने का मामला

साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सुनीता आहूजा पति नरेश कुमार आहूजा (58 वर्ष) निवासी राजासेवैयाखुर्द ने बताया कि 14 अगस्त को वह गैलोरी ब्यूटी पार्लर लहरौद में काम कर रही थी। इसी दौरान एक ग्राहक हरप्रीत कौर ने फुल बॉडी मसाज कराया थी जिसका 8 हजार रुपए का बिल हुआ था। उसके पास पैसा नही था तो उसने अपने पति जसविंदर सिंग को फोन से पैसा लेकर आने कहा। इस पर उसका पति पैसा लेकर आ रहा हूं बोला और पैसा लेकर नही आया। 1-2 घंटे पार्लर नहीं आया हरप्रीत कौर को उसने कहा कि तुम घर चले जाओ और ऑनलाईन पेमेंट कर देना। लेकिन, पार्लर के बंद करते तक ऑनलाईन पेमेंट नहीं करने तथा मोबाईल फोन नहीं उठाने के कारण वह रात करीबन 8.30 बजे पूछते हुए महिला के घर राजासेवैयाखुर्द गई और देखा कि जसविंदर सिंग अपनी पत्नी हरप्रीत कौर के साथ मारपीट कर रहा था और प्रार्थिया को भी हाथ बांह को पकड़कर खींचते हुए गाली गलौज कर बाल पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट किया और अपने घर के अंदर ले जाकर आरोपी ने प्रार्थिया और अपनी पत्नी हरप्रीत कौर तथा छोटे बेटे को कमरे में बंद कर दिया। मामले में रिपोर्ट पर धारा 127(2) 296, 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**खबर संक्षेप**



## पार्षद भाऊराम साहू ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम आदर्श स्कूल के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष तथा नगर पालिका वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद भाऊ राम साहू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदर्श हिंदी माध्यम स्कूल परिसर में ध्वजा रोहण कर तिरंगे को सलामी दी। साथ स्वतंत्रता संग्राम के महानायिका महारानी वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की स्वतंत्रता में प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक गण, समस्त शिक्षक गण व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि नगर पालिका कार्यालय के उपाध्यक्ष कक्ष में छायाचित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा, पार्षदगण सीता डोंडेकर, पीयूष साहू, कल्पना सूर्यवंशी, माखन पटेल, मनीष शर्मा, राजू चंद्राकर, भाजपा नेता आईटी सेल प्रभारी शरद मराठा, युवा नेता गौरव राठी, रोशन बग्गा उपस्थित रहे। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अटल बिहारी वाजपेयी को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता बताते हुये कहा कि वे भारत देश के अलावा विश्व के सर्वमान्य नेता थे। प्रधानमंत्री रहते हुये अटल जी ने परमाणु परिक्षण कर देश का मान बढ़ाया एवं विश्व के विकसित देशों के सामने झुके नहीं।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर में भूतपूर्व सैनिक का किया गया सम्मान

## दुर्गा हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक लंबर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः स्कूल प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ध्वजारोहण जी एस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण व सेवा समिति लंबर जीपी पटेल प्राचार्य ने संपन्न किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के ध्वजारोहण मदनलाल चौरसिया सरपंच, नीलेंद्र ऑटो केयर का ध्वजारोहण आरआर पटेल, हॉस्टल, उच्च प्राथमिक शाला एवं हाईस्कूल में ध्वजारोहण मदनलाल चौरसिया के द्वारा किया गया। गांव के गणमान्य नागरिकों, पालकों, शिक्षकों के सानिध्य में भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई के वेशभूषा से सजी छात्राओं व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको एवं समस्त विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी ग्राम के मुख्यमार्गो, गलियो, चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंची। रास्ते भर देशभक्ति गीत, वंदे मातरम भारत माता की जय के नारे लगते रहे। जिससे पूरा गांव देशभक्ति वातावरण में रंग गया था।

विद्यालय में वापसी के पश्चात साहित्यक कार्यक्रम का आयोजन किया



गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी एस तोमर, अध्यक्षता जीपी पटेल प्रचार्य विशिष्ट अतिथि विजय काश्व भारद्वाज भूतपूर्व सैनिक, आर आर पटेल, श्यामसुंदर चौधरी रामेश्वर सिदार अमित कुमार चौरसिया थे।

छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीत, कविता भाषण प्रस्तुत किया साथ ही अतिथियों द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में तन्नू पटेल, विद्या, साहू, सृष्टि राणा आदि ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। विजय काश्व भारद्वाज भूतपूर्व सैनिक द्वारा विद्यालय में स्थित स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी के प्रतिमा में तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया। साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान विजय काश्व भारद्वाज भूतपूर्व सैनिक का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय ने शून्य से सैनिक के पद पर पहुंचाया में इस विद्यालय का आभारी हूं। साहित्यिक कार्यक्रम समापन के बाद विद्यालय के सभी कक्षाओं में प्रथम आने वाले छात्र/छात्राओं को एवं साहित्यिक कार्यक्रम में भाग लेने वालों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर्व को सफल बनाने में शिक्षकगण जे के जायसवाल, बी एल साहू, एम डी मानिकपुरी, एल के साहू, सीआर जायसवाल, एल के सिदार, टी आर जायसवाल, एफ एस बरिहा, खिरोद खिदार रासेयो के स्वयं सेवकों, एवं छात्र संघ के पदाधिकारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एल के साहू सांस्कृतिक प्रभारी व आभार आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

# पिथौरा में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मना, विधायक ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

देशभर में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसी श्रृंखला में बसना विधानसभा क्षेत्र के पिथौरा स्थित शहीद भगत सिंह खेल मैदान में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने समारोह में शिरकत की और भारत माता की पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया।

### विधायक ने दी शुभकामनाएं किया स्वतंत्रता संग्राम का स्मरण

ध्वजारोहण के पश्चात विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह, स्कूली बच्चों, शिक्षकों और नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के बलिदान, संघर्ष और संकल्प की जीवंत गाथा है। आज हम जिस स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, वह लाखों शहीदों की कुर्बानी का परिणाम है। हमें इस आज़ादी की कीमत समझनी होगी और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना होगा।

विधायक डॉ अग्रवाल ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों जैसे महात्मा गांधी, नेताजी



सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई और डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी देशभक्ति की झलक

समारोह में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परेड, देशभक्ति गीतों, नृत्य, और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस की महत्ता को जीवंत किया। बच्चों ने रंग बिरंगे परिधान पहनकर मानो पूरे मैदान को एक रंग-बिरंगे उत्सव में बदल दिया। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों की ऊर्जा और देशभक्ति देखकर मन गर्व से भर गया। यही हमारी आने वाली पीढ़ी है, जिन्हें हम एक समृद्ध, सुरक्षित और समावेशी भारत सौंपना चाहते हैं।

### अग्रवाल ने कहा - आज़ादी सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह दिन न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना का भी दिन है। हर वर्ष यह दिन हमें याद दिलाता है कि आज़ादी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। एक ऐसे भारत के निर्माण की जिम्मेदारी जो हर नागरिक को गरिमा, अवसर और सुरक्षा प्रदान करे।

### विधायक की अपील: एकजुट होकर करें राष्ट्र निर्माण

समारोह के अंत में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें एकजुटता, सहिष्णुता और सेवा का संदेश देता है। आइए हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील हो। नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद ने भी उपस्थित बच्चों व जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

### उपस्थित गणमान्यजन

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंग निषाद, पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, नरेश सिंघल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, मन्नूलाल ठाकुर, पुरर्षोत्तम घृतलहरे, रैदास गोयल पुष्पकांत पटेल प्रेमराजन रौतिया सुनीता पांडे हेमलता सागर निषाद संतोष डडसेना रामकुंवर सिंहा कौशलदास मानिकपुरी विजय नायक, विजय राज पटेल, सुमित अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज, गजेंद्र, रविंदर आज़मानी, अजय डड़सेना, विक्की सलूजा, अमित अग्रवाल, मधुरिमा पांडे, अंजलि पांडे, राजा शुक्ला रवि अग्रवाल, दीपकदेवी, गजेंद्र, लक्ष्मीकांत सोनी, वर्षा सोनी, लालती डड़सेना, पंचराम मठियारा, संजय गोयल, कोमल महंती, पवन अग्रवाल, सोनू तिवारी निर्मला पिंपलकर, श्वेता प्रसाद जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी गण, स्कूली बच्चे सहित गणमान्य जन व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोमाखान में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

शासकीय नवीन महाविद्यालय कोमाखान में आज़ादी की 79 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संस्था में प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को अपने शुभकामना संबोधन में भारत के स्वर्णिम अतीत को याद किया और वर्तमान में उसे बनाये रखने की युवाओं से अपील की।

ध्वजारोहण के बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत उर्मिला (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने प्रस्तुत किया फिर उषा और यश (बीए प्रथम) सेमेस्टर ने युगल गीत प्रस्तुत किया। युगल नृत्य के रूप में दीपाली और यामिनी ने 'देश रंगीला' गीत प्रस्तुत किया। पार्वती और साथियों ने देशभक्ति गीत पर सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आकर्षण हेमप्रकाश पांड़े (बीए प्रथम सेमेस्टर) और साथियों की नृत्य नाटिका रही जिसमें आज़ादी की लड़ाई का एक रूपक तैयार कर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र), पीयूष कुमार (सहायक प्राध्यापक, हिंदी) ने भी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ टिकेंद्र साहू, लता पटेल, हेमा वर्मा, मोनिका वर्मा, सहायक ग्रेड 3 लेखराम बंजारे और गगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन हरीश कुमार चौहान (अतिथि व्याख्याता) और भारती साहू (अतिथि व्याख्याता) ने किया।

# आन-बान-शान को लेकर तिरंगा यात्रा पर निकले विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पूरे देश में तिरंगा यात्रा बड़े भाव के साथ निकाला जा रहा है और सिर्फ इसलिए निकला जा रहा है, कि हमारी जो पीढ़ियां है, देश की जो 150 करोड़ की आबादी है, वे सभी तिरंगे के मोल को पहचान सके। देश के लाखों लोगों के बलिदान स्वरूप प्राप्त तीन रंगों का यह झंडा देश की अस्मिता का प्रतीक है। कई सालों की लड़ाई के बाद 15 अगस्त 1947 को प्राप्त प्रतीक झंडा तिरंगा के रूप में हमें मिला और आज हम इसी तिरंगे की आन, बान शान को लेकर तिरंगा यात्रा निकाले हैं, तथा देश की पीढ़ियों को तिरंगे की पहचान बताने कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जा रहे है। उक्त बातें समापन कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए बसना विधायक डां संपत अग्रवाल एवं प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कामता पटेल ने कहा।

भारतीय जनता पार्टी मंडल केदुवां की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदुवां से भव्य बाइक रैली तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई और शासकीय उच्च प्राथमिक शाला प्रांगण मोंहदा में समापन किया गया। इस बाइक रैली तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में स्कूली बच्चें हाथों में भारत माता का ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिंदुस्तान अमर



रहे, भारत के बीर सपूत जिंदाबाद के नारे तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक केदुवां, यात्रा के दौरान कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री एवं शासकीय हाईस्कूल अमरकोट व समापन समारोह में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मोंहदा के बच्चों ने आज भारत देश के शहीद जवानों को तिरंगा यात्रा के माध्यम से याद किया। भव्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं को स्कूली बच्चों ने जगह-जगह स्वागत करते हुए इस तिरंगा यात्रा बाइक रैली को भव्य और ऐतिहासिक बना दिया। भाजपा मंडल केदुवां की तिरंगा यात्रा बाइक रैली में प्रमुख अतिथियों में विधायक बसना डॉ संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं छ ग पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद सदस्य कामता पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, जनपद सभापति उषा लालकुमार पटेल, पूर्व जनपद सभापति जयंती पटेल, मंडल अध्यक्ष दंडधर साव, युवा भाजपा नेता प्रमोद सागर, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि लिंगराज साहू, मंडल उपाध्यक्ष द्वय शिशुपाल पटेल, रुपलाल नंद, मंत्री द्वय धनेश पटेल, बिनीता साहू, कोषाध्यक्ष जागेश्वर चंद्र, मोंहदा सरपंच हेमसागर पटेल, पार्षद प्रतिनिधि द्वय आशीष सेन, किशन जायसवाल, उत्तर निषाद, रिक्की अग्रवाल, जयलाल पटेल, गोपाल शर्मा, उत्तम डडसेना, रवि चौहान, लीलांबर दिवान, नेपाल साहू, कमलेश पटेल, गणेश पटेल, कुमार दास, गौरीशंकर पटेल, जयप्रकाश चौधरी, हेतराम पटेल, बसंत पटेल, अर्जुन बसंत, हेमसागर निषाद, बृजलाल जायसवाल, नरेंद्र प्रधान, बुद्धूराम यादव, किरतीकुमार पटेल, पुरन डडसेना, देवेंद्र साहू, विशेष रूप से रैली में शामिल रहे। यह तिरंगा यात्रा बाइक रैली के रूप में निकाली गई जहां लगभग हजारों की संख्या में बाइक पर सवार भारत माता के सपूत शामिल रहे। तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक कार्यक्रम का रूप देने में सफल रहा। जिसमें मंडल महामंत्री सुरोतीलाल लकड़ा, तिरंगा यात्रा संयोजक नेपाल राम साहू, सह संयोजक द्वय लालकुमार पटेल एवं बनितराम सिदार व मंडल पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रमोद पटेल ने किया।

# पालिका में अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया ध्वजारोहण



**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान नगर पालिका के आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता दीदी हेमीन यादव ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किया।

नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 15 अगस्त का पर्व उन शहीदों की देन है। जिन्हें आज हम श्रद्धांजलि देकर याद कर रहे हैं। देश के सैनिक जो सरहद पर रहकर हर मुश्किल का सामना कर देश की सेवा कर रहे हैं। यह देश उन्हीं की बदौलत आज सुरक्षित है। उनके इस बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, प्रभारी सदस्य गुलशन साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, सूरज नायक, ईश्वरी भोई, पार्षद सीता टोंडेकर, शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती चंद्राकर, माधुरी यदु, प्रीति बादल मक्कड़, धनेश्वरी सोनवानी, भाऊराम साहू, बड़े मुन्ना देवार, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, पीयूष अमृत साहू, सुनैना पप्पू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने किया ध्वजारोहण, विद्यार्थियों से की मुलाकात

# बागबाहरा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

आजादी के अमृत पर्व स्वतंत्रता दिवस का उत्सव बागबाहरा में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने जनपद पंचायत कार्यालय सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी।

ध्वजारोहण का मुख्य कार्यक्रम जनपद पंचायत कार्यालय में हुआ, जिसके बाद अध्यक्ष चंद्राकर ने क्रमशः बीआरसी कार्यालय बागबाहरा, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास एवं प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में ध्वजारोहण कर बच्चों और उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

बरसते पानी में भी स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के उत्साह में कोई कमी नहीं रही। जनपद अध्यक्ष ने स्वयं तिरंगे को सलामी दी और विद्यार्थियों से मिलकर उनका



उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय बातचीत करते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और सभी को मिठाइयां वितरित कीं।

### आजादी का यह पर्व आत्म मंथन का अवसर केशव नायक रामचंद्राकर

जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा –आज का दिन हम सबके लिए गर्व और आत्ममंथन का अवसर है। आजादी हमें अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और त्याग से मिली है। तिरंगा हमें हमेशा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की याद दिलाता है। हम सभी का कर्तव्य है कि इस स्वतंत्रता की रक्षा करें और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उन्हें संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक बनाएं। शिक्षा ही वास्तविक आजादी का आधार है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे देश का भविष्य हैं और इन्हें अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने आगे कहा कि जनपद पंचायत बागबाहरा ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत के सीईओ मनहरण लाल मंडावी, जनपद पंचायत बागबाहरा सभापति भूमिका रामलाल सिन्हा, सभापति गरिमा केशव चंद्राकर, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, पूर्व सरपंच रामजीलाल सिन्हा, रिंकू चेतन चंद्राकर, वरिष्ठ नेता गिरीश पटेल, जनक लाल पटेल, एवं जनपद पंचायत की अधिकारी कर्मचारी गण, सरपंच गण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

महासमुंद। देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ध्वजारोहण किया। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों की याद दिलाने का दिन है। आज़ादी हमें अनेक बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है, और इसे बनाए रखना तथा देश को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब हम ईमानदारी, निष्ठा और एकजुटता के साथ कार्य करें।कलेक्टर लंगेह ने अपने शासकीय आवास पर भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं डाईट के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।


किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध


## खबर संक्षेप



### डोंगरगांव में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोंगरगांव में देश के 79 स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। आंगनबाड़ी पंचायत भवन व पूर्व माध्यमिक शाला में सरपंच ओमकुमारी संजय खांडे द्वारा व प्राथमिक शाला में राजकुमार साहू द्वारा झंडा फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयुक्त रूप से प्राथमिक शाला के परिसर में आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन शिक्षक कौतूक पटेल ने किया।

### एनएचएम कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल कल से

**महासमुंद।** विभिन्न मांगों को शासन द्वारा पूरा नहीं किए जाने से नाराज होकर एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन की जानकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि सरकार की बेरुखी और अड़ियल रवैये से आक्रोशित होकर इस बार कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक सरकार की ओर से हमारी 10 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिसके चलते अब 18 अगस्त 2025 से प्रदेशभर के 16,000 से अधिक कर्मचारी कामबंद, कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई समेत सभी आपातकालीन सेवाओं को भी बंद रखने का कठोर निर्णय लिया है। शासन को इसकी पूर्व सूचना पहले ही दे दी गई है।

### आक्रोश: आमंत्रण पत्र में पार्षद की उपेक्षा, हुई नारेबाजी

# सीएमओ ने नहीं छपाया कांग्रेसी पार्षद का नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत पिथौरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरझू सोनबेर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सीएमओ ने वार्ड नंबर 11 की कांग्रेस पार्षद अनामिका विकास शर्मा की कथित उपेक्षा की। आरोप के अनुसार समारोह के लिए जारी निमंत्रण पत्र में पार्षद अनामिका शर्मा का नाम प्रकाशित नहीं किया गया और न ही उन्हें ध्वजारोहण हेतु स्थान आरक्षित किया गया, जबकि अन्य पार्षदों के नाम निमंत्रण पत्र में प्रकाशित कर उनके लिए स्थान निर्धारित किया गया था। इस कथित भेदभाव के विरोध में महिला पार्षद अनामिका शर्मा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

कांग्रेस पार्षद अनामिका विकास शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जारी निमंत्रण पत्र में मेरा नाम शामिल नहीं किया गया और ध्वजारोहण के लिए भी स्थान आरक्षित नहीं किया गया, जो कि मेरी उपेक्षा है। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मौके पर मुलाकात कर कहा कि बसना विधानसभा के सभी लोग उनके परिवार हैं और महिला पार्षद के साथ दुर्व्यवहार करना गलत है। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरझु सोनबेर का पक्ष लेने दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही किया। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद प्रफुल्ल राजपूत, आशीष अग्रवाल, टेकलाल साहू, हेमलता निषाद, कांग्रेस नेता राजू सिन्हा, विकास शर्मा, ज्योतिष अग्रवाल, पीलेश्वर सेन और अंकित बसंल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर अरंड में विद्यार्थियों व शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

स्वतंत्रता सेनानियों के ग्राम अरंड में 79 वां स्वाधीनता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रभात फेरी के साथ ग्राम भ्रमण किया गया, जिसमें जगह-जगह विशिष्ट जनों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। हाई स्कूल में सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य शंभू शंकर मिश्रा, प्राथमिक शाला में एसएमसी अध्यक्ष बृजलाल ध्रुव, स्वतंत्रता सेनानी बुढ़ान शाह ठाकुर चौक पर ग्राम प्रमुख शिवचरण ठाकुर, पूर्व माध्यमिक शाला में विधायक प्रतिनिधि कृष्णा ध्रुव, अमृत सरोवर पर बुद्धेश्वर डडसेना, ग्राम के मुख्य गली में खेमराज दीवान सेवानिवृत्त शिक्षक, संकुल समन्वय केंद्र पर संकुल प्राचार्य सोनसाय पटेल एवं ग्राम पंचायत भवन के सामने सरपंच डिगंबर पटेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने आयोजित हुआ जिसमें पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप हाई स्कूल बोर्ड में विद्यालय में प्रथम आने वाली मेधावी छात्रा साक्षी डडसेना को शिवचरण ध्रुव के द्वारा कलाई घड़ी एवं स्कूल बैग तथा एस एस मिश्रा के द्वारा नगद पुरस्कार के साथ मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही निर्धन कन्या शिक्षा प्रोत्साहन देने के लिए कुमारी योगेश्वरी ध्रुव कक्षा दसवीं एवं भुवनेश्वरी ध्रुव कक्षा नवमी को शाला गणवेश प्रदान किया गया। ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव के द्वारा विगत वर्ष में शाला में शिक्षा का स्तर एवं बेहतर परिणाम लाने के लिए सभी शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया जिनमें प्राथमिक विभाग से प्रधान पाठक गंगा पैकरा, अर्चना पटेल, फूलकुंवर पटेल पूर्व माध्यमिक विभाग से प्रधान पाठक व संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन, नकुल साहू, जयराम पटेल, शैलेंद्र सिन्हा हाई स्कूल से प्रभारी प्राचार्य सोनसाय पटेल, प्रदीप कुमार कर, देउक राम ध्रुव, लोकेश्वरी साहू, टीकम प्रसाद पटेल, नाथूराम साहू, कुमारी क्षमा निषाद सम्मिलित थे। इस मौके पर उपसरपंच युवराज पटेल द्वारा नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार देने की घोषणा की वही ग्राम के नवयुवक संदीप साहू ने सभी कक्षाओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थी को सम्मानित करने की घोषणा की। कार्यक्रम स्थल पर हाई स्कूल के विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम पटेल, पंचायत सचिव लेखराम जगत, दिनेश दुबे के अलावा सभी पंचगण एवं काफी तादाद में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत के द्वारा मिष्ठान वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अटल की विचारधारा सदैव रहेगी प्रेरणास्त्रोत : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न कवि हदय भारत माता के सच्चे सपूत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पुण्यतिथि पर बागबाहरा स्थित अटल परिसर में अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल की राष्ट्र हित सर्वोपरि की उनकी विचारधारा सादगी पूर्ण जीवन और अद्भुत नेतृत्व सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल की देन है। आज छत्तीसगढ़ दिन दूनी रात



चौगुनी विकास की ओर अग्रसर है। अटल के उनके विरोधी भी कायल थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिसमें गांव-गांव की सड़कें मुख्य मार्ग से जुड़ी, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे जनकल्याणकारी योजना भी अटल की देन है। बगैर किसी के परवाह किए हैं अटल ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत की ताकत का एहसास कराया। आज उनके बताए हुए मार्ग पर केंद्र में मोदी सरकार राज्य में विष्णु देव सरकार अंत्योदय के लक्ष्य को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रही हैं और गांव गरीब किसान मजदूर महिला युवा सभी के कल्याण की योजनाएं बना रही हैं।

इस अवसर पर डिंपल ध्रुव, मंडल अध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रेम साहू, पार्षद दुबे लाल साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जसराज चंद्राकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र बग्गा, भोजनाथ देवांगन, सविता दीवान, दुर्गा वस्त्रकार, अरविंद छाबड़ा, हरि चंद्राकर, योगेश चिंदा, नितेश पांडे, गिरीश चक्रधारी, बृजेश गुप्ता, मनिंदर सलूजा, ट्विंकल चौहान, उत्तम साहू, नरेश चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।



### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डेमेश्वरी गजेंद्र सम्मानित

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला महासमुंद की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महासमुंद जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रही। मौके पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। डेमेश्वरी को यह सम्मान विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने, विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और समुदाय के साथ सक्रिय जुड़ाव स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई के कारण प्रदान किया गया है। उनके प्रयासों से विद्यालय ने कई शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं।

# हलषष्ठी पर संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कमर छठ पर्व पर गुरूवार को ग्राम कोकड़ी समेत अंचल के गांवो में महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा। इस दौरान माता हलषष्ठी और भगवान शिव से संतानों की दीर्घायु, निरोगी जीवन और परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। नगर में जगह - जगह महिलाओं ने सगरी बनाकर पूजा अर्चना की हलषष्ठी पर्व के दिन पूजा स्थल पर गढ्ढे खोदे गए जिसमें उन सगरी गड्ढे के चारों ओर काशी के फूल पूजा सम्रागी में भैस का दूध, दही, घी, दोना पत्तल, नारियल, लाई, महुआ, फूल, चना, हिरवा, उड़द, मसूर रखा गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। व्रती महिलाओं ने भगवान शंकर, माता पार्वती, गणेश विधिपूर्वक पूजा पाठ कर संतान की दीर्घायु की कामना की और बच्चो को पोता लगाया। महिलाओं ने भोजन में पसहर चावल छह प्रकार के भाजी की सब्जी में प्रसाद बनाने की परंपराओं को विधि पूर्वक निवर्हन किया इस अवसर पर व्रती महिलाएं ने हलषष्ठी व्रत कथा श्रवण किए।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस दाबपाली स्कूल में धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

आजादी का पर्व 79 वें स्वतंत्रता दिवस शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण के पश्चात, स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच गेस कुमार पटेल अभयराम दीवान सेवा निवृत शिक्षक पंचगण शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सामूहिक राष्ट्रगान गायन किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत,



कविता-पाठ, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिनमें बच्चों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और अमर शहीदों के बलिदान का स्मरण किया। इसके बाद कार्यक्रम में प्रयास में चयनित विद्यार्थी को मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मान किया।

इस दौरान सरपंच गेसकुमार पटेल ने संबोधित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और एकता की भावना बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक ने सभी का साधुवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अमित मार्टिन शिक्षक ललित पटेल, सौरभ भुनेश्वर नायक, रणजीत कौर छाबड़ा शिक्षिका, कुलेश दीवान समेत ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।



### सहकारी समिति बम्हनी में किया गया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** इस वर्ष पूरे भारत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार के दिन जिला अंतर्गत सहकारी समिति ग्राम बम्हनी में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। सहकारी समिती प्रांगण में सहकारी समिति बम्हनी के प्राधिकृत अधिकारी रामेश्वर पांडेय ने ध्वजारोहण किया, इस मौके पर समिति प्रबंधक हेमलाल साहू के साथ समिति कर्मचारी, सहित जनप्रतिनिधिगण, सरपंच रूपा ध्रुव, पंच मनीष यादव, गिरजाबाई यादव एवं पुर्व समिति अध्यक्ष राजू यादव, होरीलाल पांडेय, संतराम यादव, गोपाल साहू, नाथूराम साहू, एवं भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव का आयोजन आज

**महासमुंद।** संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस समस्त आदिवासी जनजाति समुदाय के सम्मान में मनाए जाने वाले महोत्सव का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूम-धाम से डीजे एवं आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम व भव्य विशाल रैली के साथ 17 अगस्त को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे से शंकराचार्य भवन, महासमुंद में आदिवासी देव स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम साथ होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से भव्य विशाल रैली कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें सामाजिक प्रबुद्धजन, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारीगण एवं समस्त आदिवासी जनजाति समाज, सभी सगाजन सहपरिवार को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह आयोजन समिति के द्वारा किया गया है। उक्ताशय की जानकारी शिव कुमार ध्रुव ने दी है।

# विधायक सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय में किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महापुरुषों को याद किया। साथ ही आज़ादी के महत्व को भी बताया।

स्वतंत्रता दिवस की सुबह विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने कार्यालय पहुंचे। वहां अन्य नेतागण व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। फिर तिरंगे झंडे को सलामी दी। फिर सभी ने एक साथ राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान विधायक सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम आजादी का पर्व मना रहे हैं, लेकिन हमें इस आजादी का महत्व जानना जरूरी है। देश को आजाद करने के लिए कई देशभक्तों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों से हर प्रकार से लड़ाई लड़कर हमें आजादी दिलाई। हमें इस आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना है। देश के सुनहरे भविष्य के



लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों को याद कर हमें देश के लिए कुछ करना होगा, जिससे देश की तरक्की हो। 2047 में देश को आजादी मिले 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। ऐसे में भारत सरकार का लक्ष्य भी आजादी के 100 साल पूरे होने तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमें भी इसी ध्येय के साथ राष्ट्र की सेवा करनी है।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, वरिष्ठ नेतागण कौशल्या बंसल, रमेश साहू, संदीप घोष, मनीष बंसल, प्रकाश शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सतपाल सिंह पाली, अजय चोपड़ा, एम आर विश्वनाथन, सुजाता विश्वनाथन, मनीष शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, सुरेश साहू, जितेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, दिनेश रुपरेला, सोनाधर सोनवानी, महेश चौहान, आनंद साहू, अमन वर्मा, आकाश पांडे, शरद राव सहित अन्य कार्यकर्ता सहित आमजन मौजूद रहे।


सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा
हम बुलबुलें हैं इस की ये गुलसिताँ हमारा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हर्षित चंद्राकर


ग्राम पंचायत-सोरम
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती सरोज दीवान
सरपंच, ग्राम पंचायत सोरम
श्रीमती बुधियारिन यादव
उपसरपंच, ग्राम पंचायत सोरम
श्री मोहनलाल बंजारे
सचिव, ग्राम पंचायत सोरम
श्री लाल सिंह दीवान
सरपंच प्रतिनिधि
श्याम लाल दीवान


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के
प्रदेश उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर
मान. रूपकुमारी चौधरी जी एवं
मान. जगन्नाथ पाणिग्रही जी
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. जगन्नाथ पाणिग्रही जी
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा महासमुंद
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़
हेमंत तिवारी बागबाहरा
सह संयोजक, खल्लारी विधानसभा


ग्राम पंचायत-खैरझिटी
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रामेश्वरी चेलक
सरपंच, ग्राम पंचायत खैरझिटी
श्री कुंजीलाल चेलक
सरपंच प्रतिनिधि
श्री ठीकेलाल जलक्षत्री
उपसरपंच, ग्राम पंचायत खैरझिटी
श्री प्यारेलाल ध्रुव
सचिव, ग्राम पंचायत खैरझिटी
श्रीमती कांति लहरे
पंच
श्रीमती चुनेश्वरी पटेल
पंच
श्रीमती रूपा यादव
पंच
श्री शिव कुमार टंडन
पंच
श्रीमती श्याम बाई ध्रुव
पंच
श्री संतोष यादव
पंच
श्रीमती शैलेन्द्री पटेल
पंच
श्रीमती स्वाति वर्मा
पंच


समस्त विधानसभा क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रमेश पटेल
नागेश साहू
पुष्पानंद साहू
जगदीश सिंह
अशवंत तुषार साहू
जनसेवक (छाया) विधायक महासमुंद विस क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती चमेली शुभनाथ भोई
सरपंच
ग्राम पंचायत, बोईरडीह
श्रीमती शांता प्रधान
उपसरपंच
ग्राम पंचायत, बोईरडीह
श्री रोहित ओगरे
सचिव
ग्राम पंचायत, बोईरडीह
श्री खिरोद प्रधान
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत, बोईरडीह
पंचगण
अमृत बढ़ाई, रजनी प्रधान, होलिका प्रधान, गोविंद प्रधान, यशोदा नंद, सहदेव बेहरा, सत्यभामा सूर्यवंशी, युधिष्ठिर राणा, सुभाषिनी भोई, नीलाम्बर प्रधान
विनीत
विनीत - समस्त ग्राम पंचायत, बोईरडीह, जिला-महासमुंद (छ.ग.)


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
जिसका ताज हिमालय है
जहां बहती गंगा है,
जहां अनेकता में एकता है
सत्यमेव जयते जहां का नारा है,
जहां मजहब भाईचारा है
वो भारत वतन हमारा है।
माँ तुझे प्रणाम
श्रीमती नोविना अमृत जगत
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
महासमुंद
अमृतलाल जगत
जिलाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति
शासकीय सेवक विकास संघ, महासमुंद


ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती भूमिका विनय साहू जी
सरपंच, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
श्रीमती ईश्वरी प्रेम ध्रुव जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
डुमन साहू
सचिव, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
पंचगण
खिलेश्वरी साहू
भुवनेश्वर साहू
कुशुमलता साहू
टीकेश्वरी टंडन
गोविंद निषाद
विक्रम साहू
भेखराम साहू
अमित्रा ठाकुर
बनसबाई विश्वकर्मा
सरिता तिवारी
संतोषी साहू
रामप्रसाद ध्रुव
भुनेश्वरी ठाकुर
रोजगार सहायक
लाला यादव
चपरासी
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-मोंगरापाली(स)


ग्राम पंचायत
तेंदूकोना, साल्हेभांठा
स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती देवंतीन दिलीप दीवान जी
सरपंच, ग्राम पंचायत तेंदूकोना, साल्हेभांठा
श्री उज्जवल 'चीकू' अग्रवाल जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत तेंदूकोना, साल्हेभांठा
पंचगण
राज मानिकपुरी
चंद्रकला दीवन
विमला अग्रवाल
धनेश्वरी दीवान
राजेश्वरी भारती
हेमलता बैरागी
मीना निर्मलकर
अमित अग्रवाल
पूष्पा यादव
दाऊराम बरिहा
रजनी बाई
प्यार मोहम्मद खान (बल्लू)
डीगेश्वर दीवान
दिलीप दीवान
सरपंच प्रतिनिधि
विद्याचरण पटेल
सचिव
विनीत : समसत ग्रामवासी-तेंदूकोना, साल्हेभांठा


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
संकलनकर्ता : अनिल सोनी
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
संवाददाता हरिभूमि-तेंदूकोना मो. 9977020234
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
विनय साहू
7581918191



पंजीयन क्रमांक-854
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति-सम्हर
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पीलेश्वर पटेल
प्राधिकृत, सम्हर
कोमल कुमार दीवान
समिति प्रबंधक, सम्हर
जितेंद्र साहू
ऑपरेटर
हेमंत कुमार टंडन
भोलराम राजपूत
चिताराम ध्रुव
श्यामलाल मोंगरा
लिपीक सहायक-गनपत साहू, विक्रेता-किशोर कुमार ध्रुव, मुंजेश्वर साहू




पंजीयन क्रमांक-1127
प्राथमिक कृषि शाख
सहकारी समिति-तेंदूकोना
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त कृषकभाईयों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मनीराम साहू
प्रबंधक, तेंदूकोना
श्री चिंताराम साहू
अध्यक्ष, तेंदूकोना
-कर्मचारीगण-
फलदास कोसरिया
हीरामन साहू
जोयधा राम साहू
लालसाय भारती
लीलाम्बर राजपूत
नरेंद्र यादव
श्रवण कुमार ठाकुर
शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक मर्यादित तेंदूकोना
विनीतः समस्त किसान बुंध सहकारी समिति तेंदूकोना




15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
संकलनकर्ता : अनिल सोनी
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
संवाददाता हरिभूमि-तेंदूकोना मो. 9977020234
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
विनय साहू
7581918191


ग्राम पंचायत-छुईहा
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15 AUGUST
श्री प्रीतम यादव जी
सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत छुईहा
जिलाध्यक्ष, यादव समाज महासमुंद
श्रीमती एसकुमारी यादव जी
सरपंच , ग्राम पंचायत छुईहा
सचिव
धनसाय ठाकुर
-पंचगण-
पंच लालाराम यादव
पंच सुशीला दीवान
पंच गुलाबी ठाकुर
पंच लोकेश्वरी साहू
पंच धनेश्वरी ठाकुर
पंच हेमलता दीवान
उपसरपंच
पुरन पटेल
पंच हेमबाई चक्रधारी
पंच चंद्रिका कुर्रे
पंच ललिता चक्रधारी
पंच डिलेश्वरी दीवान
पंच राजेश्वरी पुरेना
पंच हीराराम दीवान
पंच भागवत दीवान
पंच यादराम निराला
पंच विसर्जन दीवान
पंच भुनेश्वर ठाकुर
पंच नंद कुमार यादव


ग्राम पंचायत-सम्हर
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री चंद्रहास नायक
सचिव, ग्राम पंचायत सम्हर
श्री धनेश्वर पटेल 'भोला' जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत सम्हर
श्री किशोर कुमार साहू जी
सरपंच, ग्राम पंचायत सम्हर
पंचगण
गिरवर ध्रुव
तारा नायक
अनुपा साहू
रोहित पटेल
मोतिन बाई
हेमवती नंदन साहू
कुशबाई नायक
डोमूराम साहू
त्रिलोचन साहू
होमलता साहू
चंद्ररेखा साहू
भुवनेश्वरी ध्रुव
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-सम्हर


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री सीताराम ठाकुर
अध्यक्ष ग्रामीण सहकारी समिति-बुंदेली
श्री महारथी साहू
अध्यक्ष ग्रामीण सहकारी समिति-बढ़ईपाली


ग्राम पंचायत-बढ़ईपाली
आश्रित ग्राम बांसकांटा
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री चंद्रसेन कोसरिया जी
सरपंच, ग्राम पंचायत बढ़ईपाली, बांसकांटा
श्री रोहित टंडन जी
सचिव, ग्राम पंचायत
बढ़ईपाली, बांसकांटा
श्री शिवपाल साहू जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत बढ़ईपाली, बांसकांटा
पंचगण
लालजी कोसरिया
निर्मला बरिहा
नर्मदा कोसरिया
फुलसिंग बरिहा
पुष्पा बरिहा
उमा बरिहा
मधुलता साहू
देवसिंह बरिहा
देवेंद्र साहू
उषा ठाकुर
सुशीला ठाकुर
बिमला ठाकुर
राधिका साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बढ़ईपाली, आश्रित ग्राम बांसकांटा


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई
संकलनकर्ता : अनिल सोनी
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
संवाददाता हरिभूमि-तेंदूकोना मो. 9977020234
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
विनय साहू
7581918191

## खबर संक्षेप



### आयुष और अनमोल सम्मानित

**बागबाहरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष द्विवेदी और अनमोल द्विवेदी का सांसद रूप कुमारी चौधरी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह एवं जिला प्रशासन के द्वारा सम्मान किया गया, आयुष, अनमोल की उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण के अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनोद शर्मा, संघ के कोषाध्यक्ष मो. सलीम खान, त्रिपेष साहू ने इनके उज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई।



### व्याख्याता ध्रुव का सांसद ने किया सम्मान

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में शासकीय आशी बाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की व्याख्याता नोबल ध्रुव को रेडक्रॉस एवं निर्वाचन संबंधित कार्यों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी व महासमुंद कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।

### उपकार केंद्र में 23 को रक्तदान शिविर

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पुर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर 23 अगस्त दिन शनिवार को प्रातः 9 से शाम, 5 बजे तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड तुमगांव रोड में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने दी।

### विहिप की स्थापना दिवस पर आज होगा लोहिया चौक में कार्यक्रम

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस का कार्यक्रम 17 अगस्त को स्थानीय लोहिया चौक महासमुंद में शाम को रखा गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुनील वर्मा प्रांत सत्संग प्रमुख एवं अखिलेश लूनिया पूर्व विभाग मंत्री होंगे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए वेशभूषा एवं मटका फ़ोड़ प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1001, द्वितीय पुरुष 701, तृतीय पुरस्कार 501 रखी गई। मटका फोड़ने वाली सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं यादव समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। आयोजकों द्वारा नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है।

# छात्रों में राष्ट्र प्रथम की भावना का सम्यक विकास ही है स्वतंत्रता-दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

व्यवहारिक शिक्षा और व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रतिबद्ध स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर नि, संदेह भंवरपुर अंचल में शिक्षा के केंद्र के रुप में स्थापित हो चुका है। नीत नवीन गतिविधियों के आयोजन और शिक्षकों के द्वारा अनवरत व अथक अध्यापन यहां की विशेषता है। गतिविधियों की अनेकानेक श्रृंखला में छात्र-छात्राओं में राष्ट्र प्रथम की भावना का समुचित विकास भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर में 79 वाँ स्वतंत्रता-दिवस का सफलतम आयोजन किया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय के इस स्वातंत्र्य आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के शिल्पकार प्राचार्य टी.के. पटेल के द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रीय ध्वज की सलामी तथा समस्त सम्मिलित शिक्षकीय स्टाफ व छात्र-छात्राओं द्वारा गर्वित कर देने वाले राष्ट्र गान के साथ हुआ। तत्पश्चात ग्राम भंवरपुर में प्रभात फेरी कर जिला सहकारी समिति भंवरपुर व ग्राम पंचायत मुख्यालय के ध्वजारोहण कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय परिवार द्वारा अपनी सहभागिता दी गई।





### सांस्कृतिक महोत्सव

कार्यक्रम के अगले चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। जिसकी शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल के स्वागत व उद्बोधन से हुआ। इस कार्यक्रम में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के बालक और बालिकाओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत अनेकानेक प्रस्तुतियां दी गईं।

### अतिथियों की सहभागिता

उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवकी दीवान, शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति सेजेस भंवरपुर के सम्माननीय सदस्य गणों में गुलाब स्वर्णकार, विश्वनाथ अग्रवाल, जितेंद्र वैष्णव, भोज प्रधान, मनदीप कौर सलूजा, पालक समिति के अध्यक्ष निरंजन लाल साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर साहू व गायत्री चौधरी, पूर्व अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं गणमान्य नागरिकों में मनोज पटेल, राजेंद्र पटेल आदि समस्त गणमान्य नागरिक जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी

जूनियर रेडक्रास टीम का पर्यवेक्षण डीके दास द्वारा किया गया, ईको क्लब टीम का डीपी पटेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वेशभूषा के लिए आर देवांगन व एसके भोई तथा प्रभात फेरी का मार्गदर्शन एनके दीवान, डीपी पटेल व पीके बारीक, बैठक व्यवस्था में डीपी पटेल तथा प्रसाद वितरण एव्ही कदम के द्वारा, तोरण व ध्वज साज सज्जा हेतु जीएस पटेल, मंच संचालन में एचआर चौहान व वीके चौहान आदि का विशेष योगदान रहा।

### सम्मिलित शिक्षक-विद्यार्थी गण

उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक गणों में पीके निर्मलकर, एसएल चौहान, ए भोई, डीके बंधु, एचएस पटेल, एमएल पटेल एल नायक, एल चौहान, आकांक्षा मसीह, रितु श्रीवास, विनोद कुमार, सुरेंद्र सिंह बंजारे, अंजली सिंह, विनय नायक, चंद्रहास साहू, मंजू चंद्रा, नवीन सिंह, प्रिया बीसी, यश सोनी, चूड़ामणि कन्नौजे, परमेश्वर ओगरे, प्रीति वर्मा, भुवनेश्वर तांडी, तुलिमा बसंत, रितु साहू, खिलेश ध्रुव तथा स्टाफ सदस्यों में बोधन कालसा व बबलू मानिकपुरी एवं समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम:** विधायक कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# विधायक ने किया ध्वजारोहण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। बागबाहरा विधायक कार्यालय प्रांगण में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ध्वजारोहण करके स्वतंत्रता दिवस के गरिमामयी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के समय उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान का गायन करके राष्ट्रध्वज को सलामी दी।



तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जन समुदाय को कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, फिरोज़ मेमन सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने संबोधित किया।

मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अथक संघर्ष, त्याग और बलिदान के कारण हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और अनगिनत ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आज़ादी दिलाई।

यादव ने कहा कि स्वतंत्रता सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि हम अपने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करें। छत्तीसगढ़ की माटी वीरों की माटी है, और हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और समानता के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं, नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहें तथा तकनीकी और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाएं।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया विधायक का जन्मदिन समारोह

ध्वजारोहण के पश्चात एक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया और उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ हुआ। सभी ने एकजुट होकर देश की सेवा, समाज में भाईचारे और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवेश साहू, समीम खान विष्णु महानंद, बसंती बघेल, नवनीत सलूजा, राजेश सोनी, ताम्रध्वज बघेल, रामलाल सिन्हा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अशोक अग्रवाल, गिरीश पटेल, अंजोर ठाकुर, सफी मोहम्मद, पोखराज साहू, शैलेश साहू राजेश सिन्हा, बसंता ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, मेनका साहू, कामिनी चंद्राकर, प्रीतम साहू, डिगेश्वर देवांगन, मनोहर पटेल, हबे लाल यादव, चयन कौशिक, बलराम ध्रुव, रमेश चंद्राकर बड़ा खान, केशव चंद्राकर, हेमलाल साहू, कमल साहू, प्रभु लाल यादव, राहुल यादव, हरिशंकर यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, जनपद सदस्य गरिमा चंद्राकर, जनपद सदस्य भूमिका सिन्हा, जनपद सदस्य गीता दीवान, सविता गोस्वामी, योगेश बघेल, सुनील व्यवहार, मंता राम यादव, उमेश साहू, वैदेही महानंद मोहित पाडे, संतोष चक्रधारी लोकेश दीवान, इंद्रो बघेल, लोकेश दीवान, रमेश साहू, केवल राम चंद्राकर, बुधराम सेन, गणपत जगत, हेमलाल साहू, जनक राम पटेल, रेवाराम नायक तपेश साहू, योगेंद्र साहू, भारत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### परसुली सोसायटी में हुआ ध्वजारोहण

**नर्रा।** आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस पर प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल ने भारत माता की पूजा अर्चन कर ध्वजा रोहण किया। इस दौरान नैंदराम पांडे, चंदर यादव, भोज चक्रधारी, सेतराम पटेल, समिति प्रभारी राजेश पटेल, तेजलाल साहू, गणेश्वर यादव, कोमल ठाकुर, नीलकंठ पटेल, डालेश्वर पांडे, खिलेश्वर पटेल, हुमन पांडे समेत कृषक गण मौजूद रहे।




### नर्रा सोसायटी परिसर में पौधरोपण

**नर्रा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत एक पेड़ मां नाम के तहत प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा परिसर में फलदार जामुन एवं छायादार वृक्ष का रोपण किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक, पुनउराम पटेल, पूर्व बैंक प्रतिनिधि उमेश जैन, बालमुकुंद निषाद, रूपेंद्र साहू, दिनेश यादव, पवन निषाद, समिति प्रभारी नाथूराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतनलाल साहू समेत कृषक गण मौजूद रहे।



### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ध्वज फहराया

**नर्रा।** स्वतंत्रता दिवस पर नर्रा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन ने फहराया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान स्कूली बच्चे समेत स्वास्थ्य कार्य डिगेंद्र परमार, डालेश्वरी परमार मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।



### ग्राम पंचायत भवन में सरपंच ने फहराया तिरंगा

**नर्रा।** 79 वें आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन नर्रा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच नामेश्वरी दीवान ने सर्व प्रथम भारत माता की पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गायन किया। इसके अलावा नर्रा के शासकीय भवनों तथा चौक चौराहे पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पंचगण सचिव घनश्याम दीवान, पोखराज बेलदार, रोजगार सहायक दयासिंह दीवान समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# जनपद सदस्य ने स्कूल को भेंट किया वाटर कूलर



**झलप।** जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने जनपद सदस्य मद से जनपद क्षेत्र 23 के लखनपुर के मिडिल स्कूल भटगांव, (सरायपाली) प्राथमिक शाला फरफौद प्राथमिक शाला लखनपुर प्राथामिक शाला सभी जगह 15 अगस्त के शुभ अवसर पर वाटर कूलर प्रदान किया। इस दौरान सरपंच कुलेश्वर दीवान, उपसरपंच अनिता कमल किशोर, पंच यामनी साहू, सरपंच खेमिन, चोवा राम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, पंच बिरसिंग निषाद, पंच तारा हिरवानी, पंच देवकी जोशी, कौशल साहू, महावीर साहू, मोरध्वज साहू, पार्वती साहू, नेमन धीवर, शिक्षिका पार्वती ठाकुर, किरन साहू, पटेल मैडम, शिक्षक देवानंद पटेल, सुखी राम ठाकुर, विनोद कुमार दीवान, कपिल ध्रुव, पंच नेपाल दीवान, इंदरमन दीवान, राजेश दीवान, डोंगर दीवान, प्रेम सिंग मिरी, शिक्षक बलराम साहू, नोहर चौधरी, उमाशंकर यादव, गैंदराम दीवान, जानकी बाई दीवान, थलेश्वरी बाई दीवान, लोमस साहू, लाभचंद साहू, लेखराम साहू, कुंदन सोनकर, यशवंत साहू, मिलू साहू, घनश्याम साहू, गिरधारी यादव, बिरसिंग साहू, बाबूलाल साहू, धनंजय साहू, तिजऊ, डॉ. राजेश दीवान, उत्तम ध्रुव, बुधु मिरी आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बच्चों को अच्छी व बेहतर शिक्षा दें : राय

**झलप।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। भारत माता की छाया चित्र में पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा श्रीफल तोड़कर ध्वजारोहण किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें, बेटियों के शिक्षा को लेकर राय ने कहा कि आज की बेटी हर कार्य करने में सक्षम है, वे आत्म निर्भर है, आज चाहे सेना हो या अंतरिक्ष संस्थान सभी जगह बेटियां मौजूद हैं। उद्बोधन के पश्चात मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, देवेंद्र राय सरपंच प्रतिनिधि, अध्यक्षता, पंच कुमार साहू, विशेष अतिथि, भागवत योगी, सुंदर कुर्रे, ललित निषाद, लालजी भारती, लेखराम साहू, बृजमोहन चंद्राकर, लखन ध्रुव, पूरन कोसरिया, फूलचंद यादव, प्रधान पाठक, मीनू जांगड़े शिक्षक, कमल किशोर साहू, पायल तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा योगी, सुंदरी योगी, उमेश्वरी निषाद, एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।



### सराईपाली सोसायटी में देवेंद्र राय ने किया ध्वजारोहण

**झलप।** प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सराईपाली में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सबसे पहले भारत माता की छाया चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवेंद्र राय (अध्यक्ष ) ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित देवेंद्र राय अध्यक्ष, तरुण वर्मा समिति प्रबंधक, उपस्थित किसान - राजेंद्र कंवर, ठगेंद्र दीवान, रितेश दीवान, धनेश साहू, डागाराम साहू, टुमेश्वर दीवान, यसवंत साहू, लक्ष्मण दीवान, राजेंद्र दीवान, आनंदी सोनी, एनकुमार दीवान, पन्नालाल दीवान, सालिक राम, इंद्रामन, बुधूराम, पवन सोनी, राजेश सहिस, अवधराम, समिति कर्मचारी गण - गोविंद यादव, वेद प्रकाश, परसू यादव, भोला राम ध्रुव, हेमंत, भूषण दीवान, टीकाराम आदि की उपस्थिति रही।




# मेगा टिंकरिंग डे पर विद्यार्थियों ने नवाचारात्मक और रचनात्मक क्रियाओं से बनाया अनेकानेक वैज्ञानिक

**भंवरपुर।** अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग के द्वारा बच्चों में तार्किक, वैज्ञानिक, रचनात्मक, व्यवहापरक व सृजनात्मक कौशलों के विकास हेतु मेगा टिंकरिंग डे का भव्य आयोजन देशभर के दस हजार से अधिक स्कूलों में एक साथ ऑनलाइन किया गया। इस वर्ष की थीम "इनोवेशन बिगिंस विद स्पार्क-लेट्स इग्नाइट इट" के तहत छात्रों ने रचनात्मकता और वैज्ञानिक तकनीकों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में छात्रों को वैक्यूम क्लीनर प्रोजेक्ट बनाने का लक्ष्य दिया गया, जिसे सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन निर्देशों के साथ तैयार किया। इस अवसर पर सेजेस भंवरपुर (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर) के अटल टिंकरिंग लैब में समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साह व सफलतापूर्वक भाग लिया। रचनात्मकता व सृजनशीलता के पर्याय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य टिकेश्वर पटेल और अटल लैब इंचार्ज प्रदीप कुमार बारीक ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नवीन आविष्कारक व वैज्ञानिक सोच, अनुसंधानात्मक क्रियाशीलता और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देते हैं। इस कार्यक्रम में महती योगदान देने वाले उत्कृष्ट विद्यालय के समर्पित शिक्षकों में दुर्गा प्रसाद पटेल, सरोज भोई, मंजू चंद्रा, चंद्रहास साहू, परमेश्वर ओगरे एवं अन्य समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन न केवल विज्ञान के प्रति बच्चों की रुचि को बढ़ाता है वरन उन्हें भविष्य के युवा वैज्ञानिक और उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करता है तथा सुनहरे भविष्य के निर्माण की चुनौतियों का डटकर सामना करने की क्षमता को भी विकसित करता है।






